सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-60**
08/02/2016

लगातार छह घंटे से अधिक देर तक रहे जनता के दरबार में मुख्यमंत्री

पटना 08 फरवरी, 2016 :– नई सरकार के गठन के बाद आज दूसरी बार आयोजित जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम लगातार छह घंटे से अधिक समय तक रहे मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लगातार छह घंटे से अधिक जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुये 150 महिलाओं सहित 826 लोगों की स्वास्थ्य, शिक्षा, सामान्य प्रशासन, समाज कल्याण, पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, विज्ञान एवं प्रावैद्यिकी, सूचना प्रावैद्यिकी, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, सांस्थिक वित्त निदेशालय तथा श्रम संसाधन विभाग से संबंधित समस्याओं से रू–ब–रू हुये। उन्होंने लोगों की शिकायत के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित विभाग के मंत्री, प्रधान सचिव/सचिव को निर्देश दिया।

आज के जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के अलावे उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, मंत्री समाज कल्याण श्रीमती मंजू वर्मा, मंत्री श्रम संसाधन श्री विजय प्रकाश, मंत्री उद्योग तथा विज्ञान एवं प्रावैद्यिकी श्री जय कुमार सिंह, मंत्री अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण श्री संतोष कुमार निराला, मंत्री कला संस्कृति एवं युवा विभाग श्री शिवचन्द्र राम, प्रधान सचिव सामान्य प्रशासन एवं अल्पसंख्यक कल्याण श्री आमिर सुबहानी, प्रधान सचिव स्वास्थ्य श्री आर0के महाजन, प्रधान सचिव समाज कल्याण श्रीमती वंदना किन्नी, प्रधान सचिव श्रम संसाधन श्री दीपक कुमार सिंह, प्रधान सचिव अनुसूचित जाति/जनजाति श्री एस0एम0 राजू, प्रधान सचिव जल संसाधन एवं विज्ञान प्रावैद्यिकी श्री अरूण कुमार सिंह, डी0जी0 निगरानी श्री रविन्द्र कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, सचिव पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण श्री पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री संजय अग्रवाल सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

******